आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार


निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 12 अंक : 20 लखनऊ, शनिवार 28 अगस्त से 06 सितम्बर, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## यूपी में पिछले २४ घंटे में कोरोना संक्रमण के २१ नये मामले आये

लखनऊ। मुख्यमंत्री के ३टी ट्रेस, ट्रैक और ट्रीट अभियान के साथ–साथ अभिनव प्रयोग का परिणाम है उत्तर प्रदेश में कोरोना नियंत्रित है जबकि अन्य प्रदेश में मामले बढ़े है। प्रदेश में ३० अप्रैल, २०२१ के एक्टिव मामले ०३ लाख १० हजार से घटकर आज ३२६ हो गये है प्रतिदिन के मामले घटकर आज २१ रह गये है। विगत २४ घंटे में कोविड–१६ के २१ नये मामले आये है तथा २७ लोग कोविड–१६ से ठीक हुये। अब तक १६,८६,०८३ लोग कोविड–१६ से ठीक हुये है, कोविड–१६ से ठीक होने वाले लोगों को प्रतिशत ६८.६ है। प्रदेश में सक्रिय मामले कम होने पर भी कोविड–१६ के टेस्ट करने की संख्या घटाई नहीं की जा रही है, ताकि संक्रमित व्यक्ति की पहचान करके त्वरित इलाज किया जा सके। कल विगत २४ घंटे में २,३२,०२८ कोविड सैम्पल टेस्टिंग की गयी तथा अब तक ७,१५,२१,६३१ सैम्पल की टेस्टिंग की गयी। १८ जनपदों में एक्टिव केस शून्य है, विगत २४ घंटे में हुयी टेस्टिंग में ६१ जनपदों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया है,। प्रदेश में कोविड टीकाकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश में कल ७,४१,५२३ वैक्सीन की डोज लगायी गई। पहली डोज ५,६२,१६,७६६ तथा दूसरी डोज १,०६,२७,५२२ लगायी गयी। अब तक कुल ६,६८,४७,३१८ डोज लगायी गयी। अन्य प्रदेशों में कोविड संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है कोविड संक्रमण अभी समाप्त नहीं हुआ है, इसलिए कोविड प्रोटोकाल का पालन अवश्य करेंअपर मुख्य सचिव 'सूचना' श्री



नवनीत सहगल ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के ३टी ट्रेस, ट्रैक और ट्रीट अभियान के साथ–साथ अभिनव प्रयोग का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में कोरोना नियंत्रित है जबकि अन्य प्रदेश में मामले बढ़े है। उत्तर प्रदेश में ३० अप्रैल, २०२१ के एक्टिव मामले ०३ लाख १० हजार से घटकर आज ३२६ हो गये है। प्रतिदिन के मामले घटकर आज २१ रह गये है। उन्होंनें बताया कि विगत २४ घंटे में कोविड–१६ के २१ नये मामले आये है तथा २७ लोग कोविड–१६ से ठीक हुये है। अब तक १६,८६,०८३ लोग कोविड–१६ से ठीक हुये है। कोविड–१६ से ठीक होने वाले लोगों को प्रतिशत ६८.६ है। सहगल ने बताया कि प्रदेश में सक्रिय मामले कम होने पर भी कोविड–१६ के टेस्ट करने की संख्या घटाई नहीं की जा रही है, ताकि संक्रमित व्यक्ति की पहचान करके त्वरित इलाज किया जा सके। कल विगत २४ घंटे में २,३२,०२८ कोविड सैम्पल टेस्टिंग की गयी तथा अब तक ७,१५,२१,६३१ सैम्पल की टेस्टिंग की गयी है। उन्होंने बताया कि १८ जनपदों में एक्टिव केस शून्य है, विगत २४ घंटे में हुयी टेस्टिंग में ६१ जनपदों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कोविड टीकाकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश में कल ७,४१,५२३ वैक्सीन की डोज लगायी गई। पहली डोज ५,६२,१६,७६६ तथा दूसरी डोज १,०६,२७,५२२ लगायी गयी। उन्होंने बताया कि अब तक कुल ६,६८,४७,३१८ डोज लगायी गयी हैं। उन्होंने बताया कि अन्य प्रदेशों में कोविड संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है कोविड संक्रमण अभी समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए कोविड प्रोटोकाल का पालन अवश्य करें।

## देश में बना वैक्सीनेशन का रिकॉर्ड, एक करोड़ से ज्यादा लगाई गई कोरोना वैक्सीन, PM मोदी ने दी बधाई


नयी दिल्ली। भारत ने एक ही दिन में कोविड वैक्सीन की १ करोड़ से अधिक डोज लगाई जो अब तक किसी एक दिन की सर्वाधिक संख्या है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। देश में टीकाकरण के नया रिकर्ड बनाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करके लोगों को बधाई दी है। पीएम मोदी ने कहा कि रिकॉर्ड टीकाकरण संख्या आज! १ करोड़ को पार करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। टीका लगवाने वालों और टीकाकरण अभियान को सफल बनाने वालों को बधाई। इस बीच स्वास्थ्य



मंत्री मनसुख मांडविया ने एक ट्वीट में कहा, नागरिकों को बधाई क्योंकि भारत में आज ऐतिहासिक ६० लाख कोविड टीके लगाए गए – और अभी गिनती जारी है। देश भर में १७ अगस्त को टीकों की ८८ लाख से अधिक खुराकें दी गयी थीं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार टीकाकरण अभियान के तीसरे चरण की शुरुआत के बाद से अब तक १८–४४ वर्ष के आयु वर्ग के कुल २३,७२,१५,३५३ लोगों को पहली खुराक दी गयी हैवहीं २,४५,६०,८०७ लोगों को दूसरी खुराक दी गयी है।

## २९ अगस्त को अयोध्या में राष्ट्रपति करेंगे रामायण कान्क्लेव का शुभारम्भ

लखनऊ। महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद २६ अगस्त को अयोध्या में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित 'जन–जन के राम' रामायण कान्क्लेव का शुभारम्भ करेंगे। रामायण कान्क्लेव के अवसर पर संसेंति विभाग द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। राष्ट्रपति की आगवानी के लिए संसेंति विभाग ने अयोध्या में चार स्थानों पर कलाकारों की प्रस्तुतियां तैयार की है। २६ अगस्त से अयोध्या से शुरू होने वाला रामायण कान्क्लेव १६ शहरों अयोध्या, गोरखपुर, बलिया, वाराणसी, विन्ध्याचल, चित्रकूट, श्रृंगवेरपुर, बिठूर, ललितपुर, गढ़मुक्तेश्वर बिजनौर, गाजियाबाद, बरेली सहारनपुर, मथुरा तथा लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। इस कान्क्लेव में रामायण एवं रामकथा पर आधारित वैचारिक संवाद, रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित गायन, वादन एवं नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां, राम लीला मंचन के साथ–साथ नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से रामायण के विभिन्न प्रसंगों को रूपायित किया जायेगा, जिससे आमजन को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया जा सके।




रामायण कान्क्लेव के अंतर्गत संगीत नाटक अकादमी द्वारा २६ अगस्त से ०१ नवम्बर, २०२१ के मध्य रामचरितमानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा, जिसमें १० वर्ष से १८ वर्ष की आयु के बच्चे प्रतिभाग कर सकेगें। इस कान्क्लेव में लगभग २५०० कलाकारों को अपनी प्रस्तुतियां देने का अवसर प्राप्त होगा।

## DU एकेडमिक काउंसिल की बैठक में बड़ा फैसला, सावरकर के नाम पर बनेगा कॉलेज, वाजपेयी, जेटली के नाम पर होंगे सेंटर्स

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय नए कॉलेज शुरू करने की दिशा में पहले कदम के रूप में दिल्ली और एनसीआर के दूर–दराज के इलाकों में रहने वाले छात्रों की जरूरतों और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए दो सुविधा केंद्र स्थापित करने की योजना बना रहा है। दो केंद्र नजफगढ़ और फतेहपुर बेरी में विश्वविद्यालय को आवंटित भूमि के भूखंडों में स्थापित करने का प्रस्ताव है। दिल्ली यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक परिषद में एक बड़ा फैसला लिया गया है। हिंदू महासभा के नेता रहे विनायक दामोदर सावरकर के नाम पर कॉलेज बनेगा। दिल्ली विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद की ओर से इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज, अरुण जेटली के नाम पर भी महाविद्यालय के केंद्रों के नाम रखें जाएंगे। ये केंद्र इन क्षेत्रों में विश्वविद्यालय के छात्रों को प्रवेश और परीक्षा संबंधी सुविधाएं प्रदान करने के लिए होंगे। इसमें






बाहरी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली व दक्षिणी दिल्ली में रहने वाले छात्रों को दाखिले व परीक्षा संबंधी कार्यो के लिए सुविधा मिलेगी। डीयू की उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न नामों पर चर्चा के बाद जिन नामों को मंजूरी मिली है उनमें देश के लौह पुरूष वल्लभ भाई पटेल, दिल्ली के पहले सीएम ब्रह्म प्रकाश और प्रसिद्ध दलित नेता ज्योतिबाई फुले के नाम प्रमुख थे।

# सम्पादकीय

## वित्त मंत्री की सफाई वह निराधार

जब सच राजनीतिक जनमत बनाने के लिहाज से अप्रासंगिक हो जाता है। जब कोई राजनीतिक शक्ति की भावनात्मक आधार पर अपनी सियासी ताकत बना लेती है, तब आप बाकी मसलों पर सारणी और ग्राफ के साथ जितने तथ्य सामने रख दें, उसका उस सियासी ताकत के समर्थकों पर कोई असर नहीं होता। अगर भारतीय जनता पार्टी यह सोचती है कि उसने ये अवस्था हासिल कर ली है, तो अब तक अनुभव के आधार पर इसे गलत नहीं कहा जा सकता। इसीलिए अब चाहे यह जितने विस्तार से बताया जाए कि पेट्रोलियम की कीमतों के बारे में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो सफाई दी है, वह निराधार है, उसका शायद उनकी पार्टी के जनाधार पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। लेकिन सच यह है कि सीतारमन ने पहले के अनेक मौकों की तरह ही इस बार ना सिर्फ अर्धसत्य, बल्कि आंशिक सत्य बोला। उन्होंने पिछले हफ्ते कहा कि उनकी सरकार पेट्रोल और डीजल के दामों पर इसलिए काबू नहीं कर पा रही है, क्योंकि उसके ऊपर यूपीए सरकार के समय उठाए गए कुछ कदमों की देनदारी है। सीतारमण बात कर रही थीं २०१२ में यूपीए सरकार की ओर जारी १.४४ लाख करोड़ रुपये के ऑयल बॉन्ड्स की। यह सच है कि यूपीए सरकार ने ऑयल बॉन्ड जारी किए थे। इनमें से कुल ३५०० करोड़ रुपयों के मूल्य के दो बॉन्ड की समाप्ति की तारीख २०१५ में आई। उस साल एनडीए सरकार को इस राशि का भुगतान करना पड़ा। इसी क्रम में सरकार को २०२१–२२ वित्त वर्ष में १०,००० करोड़, २०२३–२४ में ३१,१५० करोड़, २०२४–२५ में ५२,८६० करोड़ और २०२५–२६ में ३६,९१३ करोड़ रुपयों का भुगतान करना है। इसके अलावा सरकार पिछले सात सालों से हर साल १०,००० करोड़ रुपए का ब्याज भुगतान भी किया है। लेकिन पेट्रोल, डीजल जैसे तेल उत्पादों पर लगे उत्पाद शुल्क से सरकार की जो कमाई हुई है, वो भुगतान की रकम की तुलना में कहीं बहुत ज्यादा है। सरकार के अपने आंकड़े कहते हैं कि सिर्फ २०२१–२२ वित्त वर्ष में ही सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लगे उत्पाद शुल्क से ३.४५ लाख करोड़ रुपए कमाए। तो क्या कहना सही है कि आज की महंगाई सिर्फ अयल बब्रून्ड्स की वजह से है? वित्त मंत्री से अपेक्षा यह है कि पूरा सच बोलें। लेकिन ऐसा करना अपने ही आधार पर कुल्हाड़ी मारने जैसा होगा।

## मृतक पत्नी का शव लोकबंधु अस्पताल में छोड़ पति हुआ फरार

लखनऊ/ आलमबाग। कानपुर रोड स्थित लोकबंधु अस्पताल में शुक्रवार सुबह एक युवक अपनी मृतक पत्नी का शव अस्पताल परिसर में छोड़कर फरार हो गया। वहीं अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस ने मृतका का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी आलोक राय ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित लोकबंधु अस्पताल में शुक्रवार सुबह एक युवक अपनी पत्नी को मृत्यु अवस्था में छोड़कर फरार हो गया है। मृतक महिला की पहचान ४० वर्षीय सुधा पत्नी राम आसरे निवासी रेलवे टूटी कालोनी थाना मानक नगर के रूप में हुई है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के मामले में एक गिरफ्तार

लखनऊ/बलिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में मोबाइल फोन पर कथित रूप से अमर्यादित का इस्तेमाल करने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी अंकित यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। बलिया के पुलिस अधीक्षक रामकरन नैय्यर ने बताया कि जिले के नगरा थाना में बृहस्पतिवार की रात्रि हिन्दू युवा वाहिनी (हियुवा) के जिला मंत्री राजीव सिंह चंदेल की शिकायत पर एक अज्ञात के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता व सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि



चंदेल ने शिकायत में उल्लेख किया है कि उन्हें एक मोबाइल नंबर से कल शाम फोन किया गया और फोन पर उसे अपशब्द कहे गए तथा जान से मारने की धमकी भी दी गयी। उन्होंने बताया कि शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी की और उनके लिये अमर्यादित का इस्तेमाल कियास। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने मामले की तत्काल छानबीन की और छानबीन के बाद मोबाइल नगरा थाना क्षेत्र के कोठवा गांव के अंकित यादव का पाया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी अंकित यादव को आज गिरफ्तार कर लिया गया है।

# प्रदेश के वर्तमान में सभी तटबन्ध सुरक्षित

लखनऊ। प्रदेश के वर्तमान में सभी तटबन्ध सुरक्षित हैं गत २४ घंटे में प्रदेश में २.८ मि०मी० औसत वर्षा हुई है, जो सामान्य वर्षा से ७.६ मि०मी० के सापेक्ष ३५ प्रतिशत है। प्रदेश में ०१ जून, २०२१ से अब तक ५६१.८ मि०मी० औसत वर्षा हुई, जो सामान्य वर्षा ५६६.२ मि०मी० के सापेक्ष ६४ प्रतिशत है। शारदा नदी पलियाकलाँ खीरी, घाघरा–बलिया, राप्ती–बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर बूढ़ी, राप्ती सिद्धार्थनगर तथा क्वानों चन्द्रीपघाट–गोंडा में खतरे के जलस्तर से ऊपर बह रही हैं। वर्तमान में प्रदेश के सभी तटबंध सुरक्षित सूचित किये गये हैं। प्रदेश के वर्षा से प्रभावित कुल ४१ जनपदों में सर्च एवं रेस्क्यू हेतु एन०डी०आर०एफ०, एस०डी०आर०एफ० तथा पी०ए०सी० की कुल ५६ टीमें तैनाती की गयी है, ४०६१ नावें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगायी गयी है तथा ६१२ मेडिकल टीमें लगायी गयी है। एन०डी०आर०एफ०, एस०डी०आर०एफ० द्वारा ३५१८७ लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। विगत २४ घंटे में ७२७ सहित अब तक कुल ६७५१५ ड्राई राशन किट वितरित किए गये हैं। विगत २४ घंटे में २२०० लंच पैकेट सहित अब तक कुल ३४१०७५ फूड पैकेट वितरित किए गए हैं। प्रदेश में १०८६ बाढ़ शरणालय तथा १२६३ बाढ़ चौकी स्थापित की गयी है। प्रदेश में अब तक कुल ६१२ पशु शिविर स्थापित किये गये हैं। विगत २४ घंटों में पशु टीकाकरण की संख्या ६१६४ तथा अब तक कुल पशु टीकाकरण की संख्या ५८६४६२ है। उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त श्री रणवीर प्रसाद ने वर्षा की स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि प्रदेश के वर्तमान में सभी तटबन्ध सुरक्षित हैं। गत २४ घंटे में प्रदेश में २.८ मि०मी० औसत वर्षा हुई है, जो सामान्य वर्षा से ७.६ मि०मी० के सापेक्ष ३५ प्रतिशत है। इस प्रकार प्रदेश में ०१ जून, २०२१ से अब तक ५६१.८ मि०मी० औसत वर्षा हुई, जो सामान्य वर्षा ५६६.२ मि०मी० के सापेक्ष ६४ प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि शारदा नदी पलियाकलाँ खीरी, घाघरा–बलिया, राप्ती–बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर बूढ़ी, राप्ती सिद्धार्थनगर तथा क्वानों चन्द्रीपघाट–गोंडा में खतरे के जलस्तर से ऊपर बह रही हैं। वर्तमान में प्रदेश के सभी तटबंध सुरक्षित सूचित किये गये हैं। प्रदेश के वर्षा से प्रभावित कुल ४१ जनपदों में सर्च एवं रेस्क्यू हेतु एन०डी०आर०एफ०, एस०डी०आर०एफ० तथा पी०ए०सी० की कुल ५६ टीमें तैनाती की गयी है, ४०६१ नावें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगायी गयी है तथा ६१२ मेडिकल टीमें लगायी गयी है। एन०डी०आर०एफ०, एस०डी०आर०एफ० द्वारा ३५१८७ लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। प्रसाद ने बताया कि विगत २४ घंटे में ७२७ सहित अब तक कुल ६७५१५ ड्राई राशन किट वितरित किए गये हैं। विगत २४ घंटे में २२०० लंच पैकेट सहित अब तक कुल ३४१०७५ फूड पैकेट वितरित किए गए हैं। प्रदेश में १०८६ बाढ़ शरणालय तथा १२६३ बाढ़ चौकी स्थापित की गयी है। प्रदेश में अब तक कुल ६१२ पशु शिविर स्थापित किये गये हैं। विगत २४ घंटों में पशु टीकाकरण की संख्या ६१६४ तथा अब तक कुल पशु टीकाकरण की संख्या ५८६४६२ है।

# मंत्री नन्दी और महापौर ने ३४.५६ लाख रूपये के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नागरिक उड्डयन, अल्पसंख्यक कल्याण, राजनैतिक पेंशन, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री व प्रयागराज शहर



दक्षिणी विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी और प्रयागराज की महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को नैनी के विभिन्न क्षेत्रों में विधायक निधि योजनान्तर्गत ३४.५६ लाख रुपये की लागत से बने विकास कार्यो का लोकार्पण किया। इस दौरान लोगों ने मंत्री नन्दी और महापौर का स्वागत किया। वहीं नैनी क्षेत्र के अति पिछड़े इलाकों में लगातार कराए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की। नैनी के जिन इलाकों में लोगों को कच्ची सड़कें व गलियां होने से लोगों को आने–जाने में दिक्कत होती थी। नाली न होने से जलभराव की समस्या होती थी, नाली बनने और इंटरलकिंग का कार्य होने से अब वह समस्या दूर हो गई है, जिसके लिए जनता ने प्रसन्नता जताई। मंत्री नन्दी और मेयर ने आज विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया, जिसमें चकलाल मोहम्मद एफ सी आई गेट के पीछे कपिल देव शर्मा के मकान से आर. सी. दुबे के मकान से होते हुए अशोक तिवारी व मनीष राय के मकान तक ५.३८ लाख रूपये की लागत से नाली एवं इंटरलकिंग का कार्य किया गया। चकलाल मोहम्मद एफ सी आई के सामने पीपल पेड़ के पास से माला के मकान होते हुए मुख्य मार्ग तक ४.०३ लाख रूपये की लागत से नाली एवं इंटरलकिंग कार्य का उदघाटन किया गया। । इसी प्रकार चकलाल मोहम्मद एफ. सी. आई. के भास्कर के मकान से उर्मिला जी के मकान तक ०७.०५ लाख रूपये की लागत से नाली एवं इंटरलकिंग का कार्य का उदघाटन किया गया। चकलाल मोहम्मद एफ. सी. आइ. के सामने भास्कर के मकान से सोहन लाल के मकान तक ०६.५४ लाख रूपये की लागत से नाली एवं इंटरलकिंग के कार्य का उदघाटन किया गया। दरियाबाद मीरापुर में शिवम सक्सेना के मकान से लेकर अवनीश शुक्ला के मकान तक ०४.६३ लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड एवं नाली के कार्य का उदघाटन, कृष्णा नगर कीडगंज में गगन शुक्ला के मकान से इशू सोनकर के मकान तक ०६.६६ लाख रूपये की लागत से नाली एवं इंटरलकिंग मार्ग का उदघाटन किया गया। इस अवसर पर दिलीप केसरवानी, पूर्व पार्षद अवनीश शुक्ला, पार्षद अकीलूर रहमान, पार्षद जगमोहन गुप्ता, नामित पार्षद अनूप मिश्रा, महानगर उपाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, काशीक्षेत्र हर्ष केसरी, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश सविता भारती, गौरव मिश्रा, मनोज गुप्ता, सुभाष बाजपेयी, शिवम सक्सेना, मनीष कुशवाहा, रंजीत भारतीय, प्रह्लाद सिंह, अल्का गौड़, रेहान खान, तौशीफ अहमद, निखलेश हेला, अनूप केसरवानी, राकेश जायसवाल, रवि मिश्रा, रजत दुबे, समर बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रौद्योगिकी में प्रगति कर महाशक्ति बन सकता है भारत : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि अगर भारत प्रौद्योगिकी में प्रगति कर लेता है तो वह महाशक्ति बन सकता है। वह यहां रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के 'मानद' विश्वविद्यालय डिफेंस इंस्टीट्यूट अफ एडवांस टेक्नोलजी (डीआईएटी) में छात्रों और शोधकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को नवाचार और अनुसंधान में प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, सशस्त्र बलों, उद्योगों और शिक्षाविदों के सामूहिक प्रयासों के जरिए अनुसंधान और नवाचार में प्रगति के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा कुछ पहल शुरू की गई हैं तथा यह केवल परस्पर समझ और ज्ञान और बेहतर प्रथाओं को साझा करके ही हो सकता है।'' सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने नयी प्रतिभाओं को जोड़ने और आकर्षित करने तथा क्षेत्र से सशस्त्र बलों के कर्मियों से अनुभव और जानकारी प्राप्त करने के लिए आईडीईएक्स (रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार) नामक एक मंच बनाया है क्योंकि इसका सुरक्षा महत्व है। उन्होंने कहा किकेंद्र ने आईडीईएक्स के लिए १,००० करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसके अलावा, सरकार ने ३०० स्टार्टअप को समर्थन देकर 'एयरोस्पेस' और रक्षा में अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए ५०० करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। सिंह ने पांच महीने में एक निजी कंपनी द्वारा भारतीय



सेना को एक लाख हथगोलों की सफल आपूर्ति किए जाने का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि कंपनी ने इंडोनेशिया को इसी तरह के हथगोले उच्च कीमत पर निर्यात किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक हथगोले की भारत में कीमत ३,४०० रुपये है और कंपनी ने इसी तरह के हथगोले इंडोनेशिया को ७,००० रुपये से अधिक कीमत पर निर्यात किए हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, मेरा कहना है कि अगर हम प्रौद्योगिकी में आगे बढ़ते हैं, तो भारत एक महाशक्ति बन सकता है। देश एक आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। सिंह ने कोविड अनुसंधान क्षेत्र में नौ पेटेंट प्राप्त करने के लिए संस्थानों के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन देश को आत्मानिर्भर बनाने का है। रक्षा मंत्री ने कहा, इस लक्ष्य की ओर, हमने रक्षा प्रौद्योगिकी और विनिर्माण के स्वदेशीकरण के लिए कई कदम उठाए हैं। इन पहलों के लिए भविष्य के युद्ध के कौशल से सज्जित प्रौद्योगिकीविदों की बड़ी संख्या की आवश्यकता है। सिंह ने डीआईएटी के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह संस्थान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रौद्योगिकी के महत्व पर गौर करते हुए भविष्य की प्रौद्योगिकियों की पहचान करने और मानव संसाधन को प्रशिक्षित कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं केवल सुरक्षा के बारे में बात नहीं कर रहा हूं। अगर हम अगले कुछ वर्षों में भारत को महाशक्ति बनाना चाहते हैं, तो यह उन्नत तकनीक के बिना संभव नहीं है और अगर इस प्रयास में कोई योगदान दे सकता है, तो ये आप जैसे लोग हैं जो ऐसा कर सकते हैं।

## कल्याण सिंह की अस्थियां गंगा में विसर्जित, भावुक हुए पुत्र राजवीर सिंह

बुलंदशहर (उप्र)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की अस्थियों को उनके बेटे राजवीर ने शुक्रवार को नरोरा इलाके में गंगा नदी में विसर्जित कर दिया। इससे पहले दिन में कल्याण सिंह के पोते और उत्तर प्रदेश के मंत्री संदीप सिंह ने अंतिम संस्कार स्थल से अस्थियां एकत्र कीं। कल्याण सिंह का २१ अगस्त को लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को लखनऊ में सिंह के आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। कल्याण सिंह का सोमवार को नरोरा में गंगा तट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया था। अंतिम संस्कार में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों सहित कई केंद्रीय और राज्य मंत्री शामिल हुए थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित



शाह, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को अलीगढ़ जिले के अतरौली स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि दी थी।

## लोक कलाओं एवं लोक कलाकारों के कलारूपों के दस्तावेजीकरण/अभिलेखीकरण हेतु स्वीकृत किये गये रूपये २५.०० लाख

लखनऊ। लोक कलाओं एवं लोक कलाकारों के कलारूपों के दस्तावेजीकरण/अभिलेखीकरण हेतु रू० २५.०० लाख (रूपये पच्चीस लाख मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वींति शासन द्वारा की गयी है। उक्त कार्य संस्कृति



विभाग के नियंत्रणाधीन लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान लखनऊ द्वारा कराया जायेगा। स्वींत धनराशि लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान को उपलब्ध करायी जायेगी, जिनके द्वारा नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण कर, कराये गये कार्यों तथा व्यय का पूर्ण विवरण शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त स्वीकृत इस प्रतिबन्ध के अधीन प्रदान की गई है कि स्वीकृत धनराशि का आहरण नियमानुसार किया जायेगा और धनराशि स्वींत मदों पर ही व्यय किया जायेगा, अन्य मदों अथवा व्यय की नई मदों पर व्यय हेतु कदापि उपयोग नहीं की जायेगी और स्वीकृत धनराशि में से यदि कोई धनराशि अवशेष बचती है तो उसे तत्काल राजकोष में जमा किया जायेगा। उपर्युक्त स्वीकृति धनराशि के संबंध में वित्त विभाग के मितव्ययता संबंधी आदेशों तथा व्यय पर नियंत्रण के संबंध में निर्गत शासनादेश का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। इसके साथ—साथ राजकीय धन व्यय करने में उ०प्र० बजट मैनुअल के प्रस्तर—१२ में दी गई शर्तो की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डडर्स आफ फाइनेशियल प्रोप्राइटरी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाएगा।

## सौर पावर परियोजनाओ से विद्युत क्रय करने के लिए 1005203000 रुपये की धनराशि स्वीकृत

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने सौर ऊर्जा नीति के अंतर्गत स्थापित की गई सौर पावर परियोजनाओं से उत्पादित विद्युत को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा क्रय करने के लिए प्रोत्साहन हेतु १००५२०३००० (एक अरब बावन लाख तीन हजार) रुपये की धनराशि स्वींत कर दी है। प्रदेश में स्थापित ४५० मेगावाट क्षमता की २७ सौर परियोजनाओं से उत्पादित विद्युत को क्रय करने हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष २०२१—२२ में २१२२६.०० (दो अरब बारह करोड़ उन्तीस लाख) लाख रुपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। शासन ने निदेशक, उ०प्र० नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण को स्वीकृति धनराशि को नियमानुसार आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात व्यय करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्वींत धनराशि किसी अन्य मद में नहीं खर्च की जाएगी इसके भी निर्देश हैं। स्वीकृत धनराशि को व्यय करने से पहले यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पूर्व में किसी अन्य योजना के तहत इस कार्य के लिए धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है।

## पराग के दुग्ध उत्पादों को रियायती दरों पर उपलब्ध कराने से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास विभाग मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी जी की उपस्थिति में आज प्रदेश के प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों के लिए पराग के सभी उत्पाद अत्यन्त रियायती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए उ०प्र० ओलंपिक संघ के महासचिव श्री आनन्देश्वर पाण्डेय तथा लखनऊ दुग्ध संघ के महाप्रबन्धक डा० मोहन स्वरूप के मध्य सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये गये। यह सुविधा प्रथम चरण में लखनऊ एवं लखनऊ परिक्षेत्र के जनपद सीतापुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, हरदोई तथा उन्नाव हेतु लागू होगी। इस अवसर पर दुग्ध विकास मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण ने कहा कि पराग के दुग्ध उत्पादों को उ०प्र० ओलंपिक संघ के मान्यता प्राप्त खेलों के खिलाड़ियों को रियायती दरों पर उपलब्ध कराने से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा और देश के अन्य राज्य भी इसका अनुकरण करेंगें। उन्होंनें कहा कि अधिक से अधिक खिलाड़ी इस योजना का लाभ उठायें। श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि शीघ्र ही इसे पूरे प्रदेश में भी लागू किया जायेगा। पशुधन मंत्री ने इस अवसर पर बताया कि प्रदेश में दुग्ध विकास की दिशा में भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम प्रदेश के समस्त ७५ जनपदों में लागू है और कृषकों व पशुपालकों द्वारा गायों एवं भैसों में ३१ मई, २०२२ तक पूर्णतः निःशुल्क त्रिम गर्भाधान का लाभ उठाया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव, दुग्ध विकास विभाग, श्री सुधीर कुमार गर्ग ने कहा कि उ०प्र० ओलंपिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त खेलों के सभी अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं प्रवेश स्तर के खिलाड़ियों द्वारा अपना परिचय—पत्र दिखाने के आधार पर दुग्ध संघ, लखनऊ के माध्यम से सीधे संचालित मिल्क बूथोंध्पार्लर (१०६० चौराहा बूथ, पीसीडीएफ बूथ, सीएसआई टावर मिल्क बूथ, कचहरी मिल्क बूथ, मण्डलायुक्त मिल्क बूथ, पी०जी०आई० बूथ, पुरानी डेरी जापलिंग रोड मिल्क बूथ, नई डेयरी चक गजरिया मिल्क बूथ) से पराग दुग्ध एवं उत्पाद, रियायती दरों पर पाने के पात्र होगें। लखनऊ दुग्ध संघ के महा प्रबन्धक डा० मोहन स्वरूप ने कहा कि संघ द्वारा मान्यता प्राप्त सभी खेलों के मान्यता प्राप्त प्रशिक्षको को सुविधा मिलेगी, यदि उ०प्र० ओलंपिक संघ द्वारा के०डी०सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ या अन्य क्रीडा संकुलों में भी निःशुल्क (१०ग१० वर्गफीट) का स्थान उपलब्ध कराया जाता है तो उन स्थानों पर दुग्ध संघ लखनऊ द्वारा खिलाड़ियों के लिए स्थाई अथवा अस्थाई कैन्टीनधमिल्क बूथधमिल्क पार्लर संचालित कर वह के खिलाड़ियों द्वारा रियायती दरों पर दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद क्रय किया जा सकेगा। यह सुविधा प्रथम चरण में लखनऊ एवं लखनऊ परिक्षेत्र के जनपद इस अवसर पर उ०प्र० ओलंपिक संघ के महासचिव श्री आनन्देश्वर पाण्डेय ने पराग के सभी उत्पाद अत्यन्त रियायती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए लखनऊ दुग्ध संघ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्री शशिभूषण लाल सुशील, दुग्ध आयुक्त, श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह, प्रबन्ध निदेशक, पी०सी०डी०एफ०, श्री सुधीर एम० बोबडे, सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद तथा श्री रवि शंकर गुप्ता, मुख्य महाप्रबन्धक, पी०सी० डी०एफ० तथा अन्य वरिष्ठ अधि

# याहू ने भारत मे काम समेटा

नई दिल्ली। याहू ने भारत में डिजिटल सामग्री का परिचालन और प्रकाशन करने वाली मीडिया कंपनियों के विदेशी स्वामित्व को सीमित करने वाले नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों के कारण देश में अपनी समाचार वेबसाइटों को बंद कर दिया है। इसमें याहू न्यूज, याहू क्रिकेट, फाइनेंस, एंटरटेनमेंट और मेकर्स इंडिया शामिल हैं। भारत में उपयोगकर्ताओं के लिए याहू ई–मेल और खोज सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी। याहू वेबसाइट ने एक नोटिस में कहा, २६ अगस्त २०२१ से याहू इंडिया अब कंटेंट प्रकाशित नहीं करेगी। आपका याहू खाता, मेल और खोज अनुभव किसी भी तरह से प्रभावित नहीं होंगे और पहले की तरह काम करेंगे। हम आपके समर्थन के लिए धन्यवाद करते हैं। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी वेरिजन ने २०१७ में याहू का अधिग्रहण किया था। याहू ने




कहा कि उसने २६ अगस्त २०२१ से भारत में सामग्री का प्रकाशन रोक दिया है और देश में याहू के कंटेंट परिचालन को बंद कर दिया गया है। नोटिस में कहा गया, हमने जल्दबाजी में यह निर्णय नहीं लिया है। याहू इंडिया भारत में नियामक कानूनों में बदलाव से प्रभावित हुआ, जो भारत में डिजिटल कंटेंट को संचालित और प्रकाशित करने वाली मीडिया कंपनियों के विदेशी स्वामित्व को सीमित करता है। याहू का भारत के साथ एक लंबा जुड़ाव रहा है। याहू ने आगे कहा कि चूंकि याहू क्रिकेट में समाचार भी शामिल हैं, इसलिए यह नए एफडीआई नियमों से प्रभावित हुआ, जो ऐसी मीडिया कंपनियों के विदेशी स्वामित्व को सीमित करता है, जो भारत में समाचार तथा समसामयिक मामलों में डिजिटल कंटेंट प्रकाशित करती हैं। याहू ने पिछले दो दशकों में भारत में उपयोगकर्ताओं से मिले 'समर्थन और विश्वास' के लिए धन्यवाद दिया।

# बढ़ती महंगाई के बीच पेट्रोल डीजल के दामों में मामूली राहत, जानें आज के ताजा भाव

नई दिल्ली। देश में महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों को सरकार ने पेट्रोल डीजल के दामों में मामूली सी राहत देते हुए आज १५ पैसे की कमी की है। बता दें कि लगातार हो रहे विरोध के बाद मंगलवार को पेट्रोल के दामों में ३५ दिनों बाद यह मामूली कमी की गई है। आपको बता दें कि देशभर में पेट्रोल–डीजल के बढ़ते दामों ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। देश के करीब १६ राज्यों में पेट्रोल की कीमत १०० रुपये के पार चल रही है। राजस्थान में पेट्रोल–डीजल सबसे ज्यादा महंगा बिक रहा है। यहां श्रीगंगानगर में पेट्रोल–डीजल के दाम किसी भी शहर से सबसे अधिक है। राजधानी जयपुर में भी पेट्रोल १०८.४२ रुपये और डीजल ६८.०६ रुपये




प्रति लीटर पहुंच चुका है। वहीं मध्य प्रदेश के भोपाल में भी पेट्रोल १०६.६१ रुपये और डीजल ६७.७२ रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके अलावा महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, ओडिशा, जम्मू–कश्मीर और लद्दाख, महानगरों में मुंबई, हैदराबाद और बंगलूरू में पेट्रोल १०० रुपये प्रति लीटर बेचा जा रहा है। दिल्ली में पेट्रोल १०१.४६ रुपये प्रति लीटर और डीजल ८८.६२ रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल १०७.५२ रुपये प्रति लीटर पर और डीजल ६६.४८ रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल १०१.८२ रुपये प्रति लीटर और डीजल ६१.६८ रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल ६६.२० रुपये प्रति लीटर और डीजल ६३.५२ रुपये प्रति लीटर।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए क्रिकेट टीम घोषित, इतिहास का पहला डे–नाइट टेस्ट खेलेगी भारतीय महिला टीम

नई दिल्ली। भारतीय टीम अब ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट का रंग जमाने वाली है। ऑस्ट्रेलिया दौरे



के लिए टीम की घोषणा कर दी गई है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे जाएगी, जहां उसे एक टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी२० मैचों की सीरीज खेलनी है। टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम कैप्टन मिताली राज के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा बेहद खास होने वाला है क्योंकि टीम ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में डे–नाइट टेस्ट खेलने जा रही जो भारतीय महिला क्रिकेट टीम के इतिहास का पहला डे–नाइट टेस्ट होगा। इस टेस्ट के लिए सभी महिला खिलाड़ी काफी उत्साहित है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम में अस्ट्रेलिया दौरे के लिए शेफाली वर्मा और स्नेह राणा को तीनों फर्मेट में खेलने का मौका दिया गया है। गौरतलब है कि, शेफाली वर्मा ने इंग्लैंड दौरे पर अपने टेस्ट करियर की शुरूआत की थी।

# कैप्टन विराट कोहली ही नहीं ये सेलेब्स भी पीते है काला पानी

आजकल लोग अपनी फिटनेस को बरकरार रखने के लिए कुछ भी कर रहे है। भले ही वो कोई योगा हो या कोई फ्रूट। आजकल भारत में काले पानी का प्रचलन है। ऐसा कहा जा रहा है कि यह पानी सेहत को अच्छा बनाने के लिए सेवन किया जा रहा है। अब यह एक स्वास्थ्य प्रवृत्ति बन गया है। कई रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि टीम इंडिया के कप्तान भी इसका सेवन कर रहे है। विराट के अलावा मलाइका अरोड़ा और श्रुति हासन जैसी हस्तियों को काले पानी की बोतलों के साथ देखा गया है। इसलिए कई लोग स्पष्ट रूप से यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि यह पेय किस चीज से बना है और यह हमारे स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाता है।

# मोदी सरकार ने गन्ना किसानों को दिया तोहफा, एफआरपी बढ़ाकर दी बड़ी राहत

नई दिल्ली। नरेन्द्र मोदी सरकार ने आज गन्ना किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने गन्ने पर उचित और लाभकारी मूल्य को ५ रुपये बढ़ाने का बड़ा फैसला लिया है। इसके बाद गन्ने पर लिए गन्ने की उत्पादन लागत १५५ रुपए प्रति क्विंटल है और इस पर २६० रुपये प्रति क्विंटल एफआरपी तय की गई है, जो उत्पादन लागत से ८७.१ ज्यादा है। ये एफआरपी १०फीसदी



प्रति क्विंटल एफआरपी बढ़कर २६० रुपये हो गई है। इससे ५ करोड़ गन्ना किसानों को लाभ मिलेगा। आपको बता दें कि इससे पहले एफआरपी २८५ रुपये प्रति क्विंटल थी। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक में गन्ना किसानों के लिए ये फैसला लिया गया है। आज हुई मोदी की कैबिनेट बैठक में और भी कई बड़े फैसलें लिए गए हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि, नई एफआरपी १ अक्टूबर से लागू होगी। चीनी सीजन २०२१–२२ के रिकवरी के ऊपर आधारित होगी। प्रधानमंत्री मोदी के गन्ना किसानों के लिए किए गए लाभकारी निर्णय के लिए गृहमंत्री अमित शाह ने पीएम का आभार जताते हुए ट्वीट कर कहा है कि, किसानों को खुशहाल व सशक्त बनाने हेतु समय समय पर मोदी सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। अपने उसी संकल्प को दोहराते हुए आज कैबिनेट द्वारा गन्ना किसानों के लिए गन्ने का एफआरपी मूल्य अब तक का उच्चतम २६० प्रति क्विंटल करने के निर्णय पर पीएम मोदी का आभार व्यक्त करता हूं।

# टोक्यो पैरालंपिक में भारत का पहला मेडल पक्का, भाविनाबेन इतिहास रच टेबल टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंची

नई दिल्ली द्यटोक्यो पैरालंपिक में भी भारतीय खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। आज महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविनाबेन पटेल ने इतिहास रचते हुए सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं और भारत के लिए पहला मेडल पक्का मुकाबला सिर्फ १८ मिनट में जीत लिया। भाविनाबेन पटेल सेमीफाइनल में पहुंचने वाली देश की पहली टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गई हैं। अब शनिवार को भाविनाबेन सेमीफाइनल में चीन की खिलाड़ी झेंग मियाओ से



कर लिया है। बता दें कि पहले टोक्यो ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत देश को स्वर्ण पदक दिलाया था। अब बारी है टोक्यो पैरालंपिक की जिसमें भारतीय का शानदार प्रदर्शन जारी है। ३४ साल की भाविनाबेन पटेल ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सर्बिया की बोरिस्लावा रैंकोविच पेरिच को हरा दिया है। उन्होंने ये मुकाबला लगातार तीन गेम में ११–५, ११–६, ११–७ से हरा कर टेबल टेनिस में इतिहास रचा है। उन्होंने यह भिड़ेंगी। भाविनाबेन यह सेमीफाइनल मुकाबला जीत जाती हैं तो वे भारत के लिए गोल्ड मेडल के लिए मैदान में उतरेंगी। भाविनाबेन पटेल के सेमीफाइनल में प्रवेश करने के बाद भारतीय पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष दीपा मलिक ने उन्हें बधाई दी है और उन्हें आगे के लिए उत्साहित करते हुए ट्विटर पर कहा है कि, 'यह निश्चित है कि हम उन्हें एक पदक जीतते हुए देखेंगे। सेमीफाइनल से यह तय हो जाएगा कि वह किस रंग का पदक जीतेगी।

# यूपी में सत्ता के संरक्षण में बिक रही जहरीली शराब : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को जहरीली शराब के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि जहरीली शराब की बिक्री सत्ता के संरक्षण में हो रही है। अब तक आजमगढ़, बदायूं, अंबेडकरनगर, आगरा, चित्रकूट, एटा और प्रयागराज सहित कई जिलों में सैकड़ों लोग जहरीली शराब पीकर मर चुके हैं। सहारनपुर में तो ७४ मौतें इससे हो चुकी हैं।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार में जहरीली शराब का धंधा बेरोकटोक चल रहा है। सरकारी ठेकों से जहरीली शराब बिकने की शिकायतें मिलती रही हैं किंतु भाजपा सरकार का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है। भाजपा राज में समाज का हर वर्ग पीड़ित और प्रताड़ित है। अब उसने तय कर लिया है कि अपमान और उत्पीड़न को और ज्यादा वह बर्दाश्त नहीं करेगा।सपा का छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आगरा में जहरीली शराब पीने से हुई



मौतों की जांच एवं पीड़ित परिवार से मिलने २६ अगस्त को आगरा पहुंचेगा। प्रतिनिधिमंडल में विधान परिषद सदस्य डा. दिलीप यादव, जिलाध्यक्ष मधु सूदन शर्मा, महानगर अध्यक्ष वाजिद निसार, पूर्व जिलाध्यक्ष रामसहाय यादव, ममता टपलू व सौरभ शर्मा शामिल हैं।सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को यहां कहा कि प्रदेश में जगहों का रंग और नाम बदलने का फैशन चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनता को गुमराह कर रहे हैं। वह सैफई के लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में सपा कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने तंज कसा कि अगर मुख्यमंत्री को मालूम पड़ जाता है कि रंग व नाम बदलने से फायदा है तो तुरंत बदल दिया जाता है। उन्होंने विकास का कोई काम नहीं किया है। इसलिए किसी भी मोहल्ले, गांव व गली का नाम बदला जा सकता है। अगर आप भी गलती से लखनऊ चले गए, तो आपका भी नया नाम रख दिया जाएगा।

# मैं बिल्कुल फिट, अभी मुझे उत्तराधिकारी की जरुरत नहीं : मायावती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के साथ ही पंजाब तथा उत्तराखंड के विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगीं बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने शुक्रवार को कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने लम्बे समय बाद मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान उनके निशाने पर अन्य दल भी थे, लेकिन मुख्य निशाने पर कांग्रेस ही थी।उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश में अब कांग्रेस की हालत बेहद खराब है। कांग्रेस तो रैलियों में दिहाड़ी पर लोगों को लाती है। जिस दिन कांग्रेस की रैली होती है, दिहाड़ी में काम करने वाले मजदूर बहुत खुश होते हैं और कहते हैं कि आज हमें काम नहीं करना पड़ेगा। यह कांग्रेस का भीड़ जुटाने का कल्चर है। देश के साथ राज्यों में भी कांग्रेस की बहुत बुरी हालत है।मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को जिला पंचायत तथा ब्लाक प्रमुख के चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी नहीं मिलते हैं। अब तो कांग्रेस का कोई जनाधार नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि देश में बीएसपी अकेली ऐसी पार्टी है जो कांग्रेस और अन्य पार्टियों की तरह अपने संगठन को चलाने और चुनाव लडने के लिए भी बड़े–बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठों से आर्थिक मदद नहीं लेती है। मायावती ने कहा कि इतना ही नहीं कांग्रेस तो धन लेने के एवज में उन्हें राज्यसभा आदि में भेजती है।मायावती ने कहा कि कांग्रेस



पार्टी की दयनीय स्थिति हो गई है। बीएसपी ऐसा बिल्कुल नहीं करती है। बीएसपी कांग्रेस की तरह लोगों को पैसा देकर पार्टी के लोगों को चुनाव में टिकट नहीं देती है, बल्कि चुनाव में खुद पैसा लगाने वालों को अधिकांश टिकट देती है। जिनका पार्टी के जनाधर को बढ़ाने के लिए हर प्रकार से योगदान होता है।कांग्रेस पार्टी ने जो बुकलेट जारी की है। उसमें विपक्षी दलों पर टिप्पणी करने के साथ खुद के कमियों का वर्णन करती तो बेहतर होता।

# उन्नाव के पूर्व डीएम देवेंद्र कुमार पांडेय किए गये बहाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के लिए दी गई कंपोजिट स्कूल ग्रांट में अनियमितताओं के दोषी पाये जाने पर पिछले साल फरवरी में निलंबित किये गए उन्नाव के तत्कालीन जिलाधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय को शासन ने सेवा में बहाल कर दिया है। उनके खिलाफ अनुशासनिक जांच जारी रहेगी।देवेंद्र कुमार पांडेय पीसीएस से आइएएस के २०११ बैच में प्रोन्नत अधिकारी हैं। पिछले साल फरवरी में विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान सपा एमएलसी सुनील सिंह साजन ने विधान परिषद में पांडेय पर उन्नाव के जिलाधिकारी की हैसियत से कंपोजिट स्कूल ग्रांट की रकम में घपला करने का आरोप लगाया था। उन्होंने सरकार पर पांडेय को बचाने का भी आरोप लगाया था। शासन ने



इसकी प्रारंभिक जांच मंडलायुक्त लखनऊ से करायी थी। जांच में दोषी पाये जाने पर देवेंद्र कुमार पांडेय को निलंबित कर राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया गया था। उनके खिलाफ अनुशासनिक जांच प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद वीणा कुमारी मीणा कर रही हैं। डेढ़ साल बाद निलंबन समाप्त कर सेवा में बहाल किये जाने पर पांडेय ने नियुक्ति विभाग में ज्वाइनिंग दे दी है।कंपोजिट ग्रांट के तहत जारी किए गए ६.७३ करोड़ रुपये से उन्नाव जिले के प्राइमरी और जूनियर स्कूलों के लिए जरूरी सामान खरीदना था। उन्नाव के तत्कालीन जिलाधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय पर आरोप लगे कि उन्होंने अपने करीबी फर्मों से मिलीभगत कर स्कूलों के लिए सामान खरीदे और सरकारी दस्तावेजों में कीमत बढ़ाकर दिखाई। इसके लिए फर्जी बिल बनाए गए।

# बुजुर्ग की देर रात अज्ञात बदमाशों ने की निर्मम हत्या

लखनऊ। निगोहा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बुजुर्ग की अज्ञात बदमाशों ने रात में सोते समय निर्मम हत्या कर दी ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गहनता से छानबीन करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारी के मुताबिक निगोहा के बिरसिंह खेड़ा मजरा रंजीत खेड़ा मैं मृतक महादेव लोधी उम्र लगभग ७० वर्ष अपनी पत्नी शांति देवी के साथ अपने खेत पर लगे ट्यूबवेल पर कमरा बनाकर रहते थे बृहस्पतिवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने महादेव की सोते समय निर्मम हत्या कर दी वहीं मृतक की पत्नी बगल की चारपाई पर सोई हुई थी उन्हें कुछ पता नहीं चल सका सुबह उठने पर देखा तो पति का शव चारपाई पर खून से लथपथ पड़ा मिला यह देख कर पत्नी के होश उड़ गए और वह रोने बिलखने लगी शोरगुल सुनकर काफी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए सूचना मिलते ही निगोहा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच–पड़ताल शुरू कर दी निगोहा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मृतक महादेव के दो बेटे हैं जिसमें बड़ा बेटा जगदेव गांव में ही मकान पर रहता है और दूसरा बेटा गया प्रसाद लखनऊ में ही रहकर मजदूरी करता है हत्या की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर सोशल डिस्टेंसिंग की जमकर उड़ाई धज्जियां

लखनऊ। मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बनी वैक्सीन की किल्लत के बीच शुक्रवार को भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहनलालगंज पर बड़ी संख्या में लोग टीका लगवाने मोहन लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर टीकाकरण कराने आए लोगों ने सोशल डिस्टेंस की जमकर धज्जियां उड़ाई ज्यादातर लोगों को चेहरे पर मास्क नहीं थे वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के



पहुंचे सुबह नौ बजे से ही भीड़ बढ़ने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर सोशल डिस्टेंसिंग की जमकर धज्जियां उड़ीं लेकिन जिम्मेदार मूकदर्शक बने रहे। राजधानी लखनऊ के बाहर सोशल डिस्टेंस की धज्जिया उड़ती रही लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रशासन मूकदर्शक बना रहा।सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने से दूर जिम्मेदार अफसर तमाशबीन बने रहे कोविड महामारी से बचाव के लिए जिले भर के सामुदा यिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टीका करण अभियान संचालित किया जा रहा है और १८ वर्ष से ४५ वर्ष तक के आयु वर्ग के लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है कोरोना टीकाकरण कराने के लिए शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण कराने पहुंचे लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज प्रशासन के बदइंतजामी के चलते लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा सुबह से लाइन में लगे लोगो का दोपहर तक भी नम्बर नही आया लोग घंटो तक अपनी बारी का इंतजार करते रहे वहीं टीकाकरण के लिए पहुंचे लोगो ने भी एक–दूसरे से पहले निकलने की होड़ में सोशल डिस्टेंसिंग की जमकर धज्जियां उड़ाते नजर आए अधिकतर लोगों ने मास्क तक नहीं पहन रखा था।

# नहर में उतराया मिला अधेड़ का शव

लखनऊ/आलमबाग। कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक अधेड़ का शव उतराया मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पुलिस स्थानीय पुलिस ने शव को नहर से निकलवा शिनाख्त कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी आलोक राय ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित शान्ति उपवन के सामने नहर में एक ४५ वर्षीय अधेड़ का शव मिला था। स्थानीय लोगों ने पुलिस को कन्ट्रोल रूम पर सूचना दी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने नहर से शव निकलवाने के बाद शिनाख्त करा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक ने छींटदार काली शर्ट व मेहंदी रंग की लोवर पैन्ट पहन रखा था।

# अद्भुत त्रिकोण : बारमूडा त्रिकोण

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

पूर्ववर्ती रेखा को राम के भाई लक्ष्मण ने सीधे रूप में सीता जी की रक्षा के लिए खीचा था।.यह बात हर कोई जानता है. लेकिन इसी पृथ्वी की समुद्री सतह पर त्रिकोण रूप में भी एक रेखा खिंची हुई है. यह किसने खींची यह अज्ञात है. अटलांटिक महासागर में बरमूड़ा द्वीप समूह के पास एक ऐसा तिकोना क्षेत्र है, जिसे आधुनिक लक्ष्मण रेखा कहा जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए. समझा जाता है कि जो भी इस त्रिकोण के क्षेत्र में प्रवेश करता है, गायब हो जाता है. यह बात केवल मनुष्य जाति पर ही लागू नहीं होती बल्कि जलयान तथा वायुयान तक इस क्षेत्र में चालन करने पर तुरन्त गायब हो जाते हैं.यह जादई क्षेत्र त्रिकोण रूप में अमेरिकी तटवर्ती प्रदेश फ्लोरिडा से खेतोरिकों, बरमूड़ा द्वीप समूह तथा सान्तडोमिंगो से क्यूबा तक फैला हुआ है. वैज्ञानिकों और शोधार्थियों के अनुसार क्षेत्र की विभीषिकाएं ऐसी है कि जिन प्राणियों को वे अपने क्षेत्र से बाहर रखना चाहती है, उन्हें निगल जाती हैं. एक समय था जब ऐसे घटनाक्रमों को दैवी प्रकोप कहकर टाल दिया जाता था. किन्त इन दिनों जो प्रत्यक्ष प्रमाण सामने आए हैं उन्हें देखते हुए उन पर विचार करना और कारणों को खोज निकालना आवश्यक समझा जाने लगा है. अटलांटिक महासागर की यह तिकोनी लक्ष्मण रेखा अब तक सौ से भी अधिक वायुयानों तथा जलयानों को निगल चुकी है. जिन वायुयानों तथा जलयानों की प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है, ऐसों की संख्या भी कुछ कम नहीं होगी. इस खतरनाक जादुई क्षेत्र से जो मनुष्य या यान किसी भी प्रकार बच निकले, उनके द्वारा मिलने वाले विवरण निश्चय ही आश्चर्य में डालने वाले हैं. इस क्षेत्र में एक जलयान ऐसा मिला है, जिसका ढांचा भर हाथ लगा है. उसमें बैठे हुए यात्रियों का कोई अता–पता ही नहीं है. कभी–कभी इस खतरनाक क्षेत्र में एक विशालकाय जलयान निरुद्देश्य और दिशाहीन विचरण करते पाया जाता है. लोगों का अनुमान है कि यह विशालकाय जलयान सन् १९१२ में इस क्षेत्र में डूबे टाइटैनिक नामक जलयान का प्रेत है जो कभी लोगों को नजर आता है तो कभी स्वतरू ही गायब हो जाता है. इस खतरनाक क्षेत्र के विषय में सन् १९६६ की एक घटना के बारे में कप्तान डौन हैनरी के अनुसार उनका जलयान जब इस क्षेत्र से गुजर रहा था, तब अचानक ही दिशा सूचक यन्त्र बन्द हो गया और जहाज में भयंकर छाया दिखलाई देने लगी. प्राणों की बाजी लगाकर ही बड़ी कोशिश के बाद जहाज को वापस लौटा सकना सम्भव हो सका. इसी प्रकार जीवित लौटे रिचर्डसन और नेकली नामक दो चालकों ने अपना अनुभव बतलाया कि उस क्षेत्र पर उड़ते हुए उनका दिशा सूचक यन्त्र यकायक बन्द हो गया और वे रास्ता भूल गए. नीच–ऊपर भयंकर धुन्ध छाई हुई थी. धुन्ध इतनी अधिक थी कि उसक कारण कुछ भी दिखलाई नहीं दे पा रहा था. जोर लगाकर का कोशिश की गई. संयोग ही था कि दिशा ज्ञान न होने पर भी वापस लौटना और जीवित बचना सम्भव हो सका. इस क्षेत्र का पता लगाने तथा विशेष जानकारी प्राप्त करने के लिए सन् १९५५ में जापान के वैज्ञानिकों का एक दल इस क्षेत्र में आया था. दल तो यहां तथ्यों की जानकारी लेने के लिए आया था, लेकिन तथ्यों का पता लगाना तो दूर रहा, पूरा जहाज ही गायब हो गया जिसका आज तक कोई पता नहीं चल सका. कई अन्य शोधकर्ताओं ने इस रहस्यमय क्षेत्र के सम्बन्ध में विभिन्न अनुमान लगाए और निष्कर्ष निकाले हैं. हैराल्ड वाइकिंग इसे अन्तरिक्ष के किसी अन्य लोकवासियों के साथ पृथ्वी से सम्बन्ध रखने वाला क्षेत्र मानते हैं. कहा जाता है कि इस मार्ग से होकर अन्य लोकवासी आसमान से धरती पर आते हैं और खोज खबर तथा अभीष्ट पदार्थ लेकर वापस लौट जाते हैं. ऐसा ही कुछ मिलता–जुलता अनमान अर्जेन्टाइना के विज्ञानी रोमनी अंक ने भी लगाया है .उनका कहना है कि यह क्षेत्र अंतरिक्षीय आदान–प्रदान का अपने ढंग का विचित्र केन्द्र है. वैज्ञानिक अब भी इस क्षेत्र पर बराबर नजर रखे हुए हैं. किन्तु कुछ भी हाथ नहीं लग पा रहा है. सचमुच यह एक और लक्ष्मण रेखा ही है.






# उच्चाधिकारियों के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहा निगोहा थाने पर तैनात सिपाही

लखनऊ। निगोहा ग्रामीण थाने पर तैनात सिपाही अपने उच्चाधिकारियों के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहा है। बिना मास्क पहरेदारी कर आगंतुकों को मास्क लगाने की नसीहत देता है जो बिना नेम प्लेट के ड्यूटी पर था प्रभारी निरीक्षक मूकदर्शक बने रहे। बताते चलें कि निगोहां ग्रामीण थाने पर क्षेत्र से पहुंचने वाले नागरिकों से थाने में पहरेदारी पर मौजूद सिपाही मनु ने मास्क न लगाए होने पर नसीहत दे डाली जबकि ड्यूटी पर तैनात सिपाही मनु संभ्रांत नागरिकों से अभद्र व्यवहार करते हुए परिसर से बाहर निकाल दिया जोकि खुद बिना मास्क पहरेदारी कर रहा था वह भी बिना नेम प्लेट के जब इसका नागरिकों ने विरोध किया तो वर्दी का रौब गाठने लगा परिसर पहुंचे व्यक्ति हवालात में बंद व्यक्ति से मिलने के लिए गए थे जिन्हे मिलने नहीं दिया गया उसी वक्त बिना वर्दी के एक और सिपाही पहुंचा जिनके साथ मिलने वाले मौजूद थे तो हवालात में बंद व्यक्ति से दूसरे



व्यक्तियों से बात कराता रहा यह सारा तमाशा मौके पर मौजूद प्रभारी निरीक्षक की नजरो के सामने होता रहा और वह मूकदर्शक बने देखते रहे ।पुलिस विभाग के उच्चाधि कारियों के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है इससे पुलिस मित्र की सच्चाई का अंदाजा लगाया जा सकता है जो कि बिना मास्क,बिना नेम प्लेट के ड्यूटी पर तैनात सिपाही रौब गाठता रहा नाम पूछने पर और आग बबूला हो गया जब प्रकरण पत्रकारों को मालूम हुआ तो पूछने लगे तो सिपाही मनु ने कहा कि हम पहरे पर हैं हम जिसको चाहेंगे मिलने देंगे और जिसको नहीं चाहेंगे नहीं मिलने देंगे। वही पत्रकार ने जब मनु सिपाही से जब नेम प्लेट और मास्क के बारे में पूछा तो सिपाही पत्रकार पर भी आग बबूला हो गया और उसने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि नेम प्लेट और मास्क लगाया जाए जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीसरी लहर को लेकर सभी को मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की बात करते हैं अब देखना यह है कि उच्चाधिकारियों द्वारा अभद्र व्यवहार करने वाले सिपाही पर क्या कार्रवाई की जाती है।

# कस्टडी से भागे शातिर चोर की तलाश में टीमें गठित

लखनऊ। चिनहट पुलिस की कस्टडी से भागे शातिर चोर भीम की तलाश में तीन टीमें गठित की गई हैं। टीमें चोर की तलाश में संभावित ठिकानों पर तबिश दे रही हैं। उधर, लापरवाही बरतने में चिनहट पुलिस ने दोनों सिपाहियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जिनकी निगरानी में भीम भागा था। पुलिस की टीमें चिनहट सीएचसी के आस पास और अन्य मार्गों पर लगे सीसी कैमरे भी खंगाल रही है। देर रात पुलिस की एक टीम भीम की तलाश में तिवारीगंज स्थित उसके घर पहुंची लेकिन वहां नहीं मिला।नहट थाने से सिपाही अरविंद यादव और ब्रजेश शातिर चोर भीम का मेडिकल परीक्षण कराने सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) पहुंचे थे। यहां मेडिकल परीक्षण के दौरान ही भीम दोनों सिपाहियों को चकमा देकर बाउंड्री वाल फांदकर भाग निकला था। काफी देर तक दोनों ने चोर की तलाश की। जब उसका पता न चला तो देर शाम थाने में सूचना दी। सूचना मिलने के बाद रात उच्चाधिकारियों को जानकारी दी गई। इसके बाद एसीपी विभूतिखंड अनूप सिंह ने दोनों सिपाहियों के खिलाफ लापरवाही बरतने का मुकदमा दर्ज कराया। वहीं, चोर भीम के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराई। आनन फानन में तीन टीमें



गठित कर उसकी तलाश शुरू कराई गई हैं। हालांकि, लखनऊ पुलिस की काफी मशक्कत के बाद भी चोर अभी पकड़ में नहीं आए हैं।पुलिस सूत्रों के मुताबिक भीम स्मैक का लती है। पुलिस की टीमें क्षेत्र स्थित स्मैकियों के अड्डों पर भी भीम की तलाश में दबिश दे रही हैं। स्मैकियों के बीच उसका उठना–बैठना था। इंस्पेक्टर चिनहट ने बताया कि जल्द ही भीम को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। कई जगह मुखबिरों को लगाया गया है। चोर किसी भी कीमत पर बच नहीं पाएंगे।

# पूर्व IPS अधिकारी अमिताभ ठाकुर को कोर्ट ने भेजा जेल

लखनऊ। मऊ के घोसी से बसपा सांसद अतुल राय पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में रिटायर आइपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को शुक्रवार को लखनऊ में गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके खिलाफ आपराधिक षडयंत्र व आत्महत्या के लिए उकसाने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। हजरतगंज कोतवाली पुलिस ने उनको गिरफ्तार करने के बाद शाम को प्रभारी सीजेएम सत्यबीर सिंह की कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें नौ सितंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया दिया गया।श्नहीं...मुझे एफआइआर की कापी दो, ऐसे नहीं जाऊंगा। मैं नहीं जाऊंगा, नहीं...नहीं...श शुक्रवार दोपहर अपने गोमतीनगर स्थित आवास के बाहर पुलिस जीप में लादे जाते समय पूर्व पुलिस महानिरीक्षक अमिताभ ठाकुर यही कहते रहे। पुलिस उन्हें हजरतगंज कोतवाली ले गई और गिरफ्तार कर लिया। उनकी पत्नी नूतन ठाकुर भी इस दौरान हजरतगंज कोतवाली पहुंच गईं। गिरफ्तारी के बाद अमिताभ ठाकुर को मेडिकल के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। यहां उन्होंने मीडिया से कहा कि मुख्यमंत्री मेरी हत्या करा सकते हैं। मुझे जानबूझकर प्रताड़ित किया जा रहा है। जिस केस से मेरा कोई मतलब नहीं, उसमें मुझे फंसाया जा रहा है।सर्वोच्च




न्यायालय, नई दिल्ली के सामने पीड़िता और उसके सहयोगी व गवाह द्वारा आत्मदाह के प्रयास मामले में गठित संयुक्त जांच समिति ने अपनी अंतरिम जांच आख्या में आत्महत्या के लिए प्रेरित करने व अन्य आरोपों में सांसद अतुल राय और सेवानिवृत्त आइपीएस अमिताभ ठाकुर को प्रथम ष्टया दोषी पाया है। जांच समिति ने इनके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विवेचना करने की संस्तुति की है। इस संस्तुति को शासन ने स्वीकृत करते हुए लखनऊ कमिश्नरेट को आगे की कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। इसके बाद अतुल राय और अमिताभ ठाकुर के विरुद्ध हजरतगंज कोतवाली लखनऊ में मुकदमा दर्ज किया गया है।पीड़िता ने दिल्ली में आत्मदाह से पहले इस मामले में इंटरनेट मीडिया पर जारी बयान में पूर्व आइपीएस को माफिया मुख्तार अंसारी के इशारे पर बचाने का आरोप लगाते हुए मानसिक शोषण के साथ न्याय से वंचित करने का आरोप लगाया था। बसपा सांसद अतुल राय पर आरोप लगाने वाली पीड़िता के मामले में हुई एसआईटी जांच की रिपोर्ट के आधार पर पूर्व आइपीएस की गिरफ्तारी हुई है।पीड़िता ने मुख्तार अंसारी की शह पर दुष्कर्म के आरोपी अतुल राय को बचाने के लिए पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर के ऊपर आपराधिक षड्यंत्र रचने का आरोप था। जांच में यह सही पाए जाने पर हजरतगंज पुलिस ने शुक्रवार को पूर्व आईपीएस को उनके आवास से गिरफ्तार किया है।घोसी से बसपा सांसद अतुल राय पर दुष्कर्म का आरोप लगानी वाली लड़की और दुष्कर्म के मामले में गवाह के नई दिल्ली में आग लगाकर आत्मदाह करने के बाद से जबरिया रिटायर आइपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर की मुश्किल बढ़ गई थी। आत्मदाह मामले की जांच करने वाली एसआइटी ने अमिताभ ठाकुर के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके बाद से उनके घर के बाहर लगातार पुलिस तैनात थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद आज अमिताभ ठाकुर को गोमतीनगर में उनके घर के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया है। उनको दुष्कर्म पीड़िता को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अमिताभ ठाकुर के खिलाफ आज एसआईटी जांच की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई हुई है। इनके खिलाफ मुख्तार अंसारी की शह पर दुष्कर्म के आरोपी अतुल राय को बचाने के लिए पीड़िता ने आपराधिक षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया था। पीड़िता ने बीते दिनों नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के बाहर आत्मदाह कर लिया था। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव लड़ने की घोषणा करने के साथ ही बीते कई महीनों ने इंटरनेट मीडिया पर एक्टिव रिटायर आइपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने लम्बे समय से सरकार के खिलाफ इंटरनेट मीडिया पर बेहद मुखर भी हैं। बीते दिनों ठाकुर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ गोरखपुर या फिर कही से भी विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। ठाकुर उनकी गिरफ्तारी के बाद मामला काफी गरम हो गया है।

# जन्मतिथि (२८ अगस्त) पर विशेष उर्दू अदब के दबंग 'फिराक'

**शक्ति प्रकाश श्रीवास्तव**

यूं तो गोरखपुर उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से का एक महत्वपूर्ण जिला है। इसकी राजनैतिक–सामाजिक–सांस्कृतिक विरासत भी काफी समृद्ध है। यहाँ की जलवायु समेत यहाँ की मिट्टी में अनूठी उर्वरता है। शायद यही कुछ ऐसी वजहें होगी जो नानक, कबीर, बुद्ध और गुरु गोरक्ष जैसे संतों तक को एकबारगी अपनी ओर आकर्षित किया। यहाँ की मिट्टी में ही एक ऐसा भी रत्न पैदा हुआ जिसने उर्दू अदब के आसमान में न केवल देश बल्कि दुनिया में चमक बिखेरी। गोरखपुर की मिट्टी से उसका बंधाव कुछ इस कदर था की उसने अपने प्रसिद्धि के नाम में गोरखपुर को पहचान के रूप में जोड़ दिया। इस नूर–ए–साहित्य को वैश्विक फलक पर फिराक गोरखपुरी के नाम से जाना गया। इनका जन्म गोरखपुर शहर के तुर्कमानपुर मुहल्ले में २८ अगस्त सन १८९६ में हुआ था। इनके पिता गोरख प्रसाद 'इब्रत' पेशे से वकील होते हुए भी एक अच्छे शायर थे। फिराक पढ़ाई में काफी तेज थे। इलाहाबाद में पढ़ाई के बाद डिप्टी कलेक्टर बन गए लेकिन तेवर और विरोधी चरित्र ने उन्हे बहुत दिनों तक नौकरी नहीं करने दिया और महात्मा गांधीजी के असहयोग आंदोलन से प्रभावित हो कर नौकरी छोड़ गांधीजी के साथ हो लिए। जेल की हवा भी खायी। बाद में जवाहर लाल नेहरू के सहायक हो गए। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षक भी रहे। फिराक जी ने विरासत में मिली शायरी को अपनी शब्द भंडार और परंपरागत भाव बोध की चाशनी में भिगोकर नयी भाषा और नए विषयों के साथ जोड़ते हुए प्रस्तुत किया। उन्होने भविष्य की उम्मीदों और वर्तमान के कडवे सच को भारतीय संस्कृति और लोकभाषाई प्रतीकों के साथ मिलाकर ऐसा नमूना पेश किया




जो शायरी में अमूमन ढूँढे नहीं मिलता। उनकी शायरी में भारतीयता की मूल पहचान का प्रतिबिम्बित होना यह दर्शाता है की वाकई में उन्हे फारसी, हिन्दी और ब्रजभाषा की अच्छी समझ है। हालांकि फिराक रुबाई, नज्म और गजल जैसी तीनों विधाओं में रचना करने में सिद्धहस्त थे लेकिन इनकी पहचान इनकी गजलों से ही हुई। सौंदर्यबोध के शायर माने जाने वाले फिराक ने गजल और रुबाई को न केवल नया लहजा दिया बल्कि एक अलग और नयी आवाज भी दी। उनके इस नयी आवाज में वर्तमान की बेचैनी के साथ–साथ अतीत की गूंज भी है। इनकी शायरी में आशिक और महबूब परंपरा से अलग दिखते हैं–

**शाम भी थी धुआँ-धुआँ, हुस्न भी था उदास-उदास।**
**दिल को कई कहानियां याद सी आ के रह गई।।**

शायरों में भी फिराक को काफी निर्भीक शायर माना जाता है। ये दबंग भी थे और मुंहफट्ट भी। एक वाकया है जब फिराक साहब एक मुशायरे में शिरकत कर रहे थे। उन्हे मंच पर काफी देर तक इंतजार करने के बाद बुलाया गया। माइक संभालते ही फिराक जी ने चुटकी लेते हुए कहा कि हाजरात! अभी तक आप कव्वाली सुन रहे थे अब कुछ शेर सुनिये। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में कुछ लोग ऐसे भी थे जो फिराक साहब और उनके सहपाठी अमरनाथ झा को आपस में लड़ा कर मजा लेते थे। एक बार एक महफिल में फिराक साहब और झा साहब दोनों ही लोग मौजूद थे। एक साहब ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि फिराक साहब हर बात में झा साहब से कमतर हैं। इस पर फिराक साहब अवसर मिलते ही बोले भाई अमरनाथ मेरे गहरे दोस्त हैं और उनमें एक खास खूबी है कि वो अपनी झूठी तारीफ बिलकुल पसंद नहीं करते। इस हाजिर जवाबी ने कहने वाले हाजरात का मिजाज दुरुस्त कर दिया। इनके तेवर एक उदाहरण और है जब देश आजाद होने के बाद जवाहर लाल नेहरू देश के प्रधानमंत्री बने तो एक बार फिराक साहब उनसे मिलने उनके कार्यालय पहुंचे। कर्मचारी को एक पर्ची पर आर. सहाय लिख कर भेजा। बहुत देर तक जब अंदर से बुलावा नहीं आया तो फिराक साहब जोर–जोर से चीखने लगे। आवाज सुनकर नेहरू जी बाहर आए इन्हे देखा तो साथ अंदर ले गए। नेहरू जी ने कहा कि तुमने पर्ची पर आर. सहाय लिखा था जबकि मै तुम्हें रघुपति सहाय के नाम से ही जानता हूँ। ये था फिराक साहब का मिजाज। फिराक साहब की विशिष्ट रचनाधर्मिता ने ही इन्हें रघुपति सहाय से फिराक गोरखपुरी बनाया। इनके कविता संग्रह गुल–ए– नगमा पर इन्हे १९६० का न केवल साहित्य अकादमी जैसा प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला बल्कि १९६८ में रूस का सोवियत लैंड नेहरू अवार्ड और १९६९ के ज्ञानपीठ पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। इनके हिन्दी, अंग्रेजी और उर्दू साहित्य के लिए किए गए अवदान के लिए १९६८ का देश का लब्ध प्रतिष्ठित पद्म भूषण सम्मान से भी इन्हे नवाजा गया। सच मायने में फिराक गोरखपुरी उर्दू नक्षत्र के वो जगमगाते सितारे थे जिसकी रोशनी आज भी शायरी को एक नया मकां दे रही है। अलमस्त शायर की अलमस्त शायरी उर्दू अदब की मौजूदगी तक कायम रहेगी। जीवन के उत्तरार्ध में काफी परेशानियाँ उठाने वाला यह अक्खड़ शायर ३ मार्च १९८२ को यह बयान करते हुए सदा–सदा के लिए हमसे ओझल हो गया–

**'अब अक्सर चुप-चुप से रहे हैं,**
**यूँ ही कभूं लब खोले हैं,**
**पहले फिराक़ को देखा होता अब**
**तो बहुत कम बोले हैं'।**

(लेखक एक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# बेटियों की सुरक्षा व शिक्षा ही नारी सशक्तीकरण : राष्ट्रपति

लखनऊ। राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने कहा कि जब हम नारी सशक्तीकरण की बात करते हैं तो जरूरी है कि बेटियों की सुरक्षा हो और उनको शिक्षा के समान अवसर प्रदान किए जाएं। इस स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री ने देश के सभी सैनिक स्कूलों में बालिकाओं के प्रवेश की घोषणा की है, लेकिन लखनऊ के कैप्टन मनोज पांडेय यूपी सैनिक स्कूल में बालिकाओं को तीन साल पहले से ही प्रवेश की शुरुआत हो चुकी है। यह बहुत ही सराहनीय है। कैप्टन मनोज पांडेय यूपी सैनिक स्कूल के हीरक जयंती वर्ष के समापन समारोह में राष्ट्रपति ने स्कूल की क्षमता को ४५० से बढ़ाकर ६०० विद्यार्थी करने के लिए बालक व बालिका छात्रावास का शिलान्यास किया। साथ ही एक हजार की क्षमता वाले डा.संपूर्णानंद सभागार का लोकार्पण व उनकी प्रतिमा का अनावरण किया।राष्ट्रपति ने कहा कि कारगिल शहीदों को नमन करने के लिए वह लगातार तीन साल से जाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सफल नहीं हो रहे। वर्ष २०१९, २०२० के बाद भी जब इस साल गए तो वहां का मौसम बहुत खराब था। ऐसे में इस साल २६ जुलाई को कारगिल विजय दिवस के दिन बारामूला के टाइगर वार मेमोरियल गए थे। कोविन्द ने कहा कि मैंने कारगिल स्मृतिका जाने की उम्मीद नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि इस साल दशहरा में मैं कारगिल अवश्य जाऊंगा। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा युवा यूपी में हैं। ऐसे में जिस कैप्टन मनोज पांडेय यूपी सैनिक स्कूल ने देश को सबसे अधिक वीर सपूत दिए हैं, उस स्कूल की क्षमता दोगुनी करने से अधिक युवाओं को अब अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह सैनिक स्कूल कई कीर्तिमान गढ़ रहा है। वह १९६० का कालखंड था, जब १९६२ में देश पर हमला हुआ था। इससे पहले देश के एक राजनेता की दूरदर्शिता थी कि सेना को अफसर देने के लिए उन्होंने इस स्कूल की स्थापना की। सैनिक स्कूल देश की आवश्यकता है, जो देश की सीमा के साथ आंतरिक सुरक्षा करने के लिए अफसर और हर क्षेत्र में अनुशासित नागरिक दे सके।

## बॉलीवुड स्टार अभिषेक बच्चन चोटिल, हॉस्पिटल में मिलने पहुंचे अमिताभ बच्चन और बहन श्वेता

नई दिल्ली। बॉलीवुड स्टार अभिषेक बच्चन के चोटिल होने की खबर है जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन की बहन श्वेता नंदा बच्चन उनसे मिलने अस्पताल पहुंचे। बिग बी को बेटी श्वेता नंदा के साथ मुंबई के लीलावती अस्पताल के बाहर स्पॉट किया गया। खबरों की माने तो अभिषेक बच्चन रविवार को चोटिल हो गए। जिसके बाद उन्हें लीलावती हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। लेकिन ये चोट कितनी है और कैसे लगी इसकी अभी कोई सूचना सामने नहीं आई है। पैपराजी विरल भैयानी ने कुछ फोटोज के जरिए ये जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की है। विरल भैयान ने अपनी इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में संभावना जताई है कि किसी तरह से चोटिल हो गए हैं और उनके हाथ में चोट आई है।



अमिताभ बच्चन को लीलावती हॉस्पिटल के बाहर स्पॉट किए जाने के बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि वे अपना चेकअप करवाने अस्पताल आए हैं क्योंकि बिग बी अक्सर रूटीन चेकअप के लिए लीलावती अस्पताल में जाते हैं। लेकिन बाद में पूरा माजरा साफ होता नजर आया। बता दें कि आज से अमिताभ बच्चन का सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' भी शुरु होने जा रहा है।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

## ड्रग्स के जाल में बॉलीवुड! ड्रग्स केस में उलझी रकुल प्रीत, ये सब कलाकार भी होंगे तलब

नई दिल्ली। सुशांत सिंह राजपूत केस के बाद ड्रग्स मामले ने एक बार फिर से तूल पकड़ लिया है। अब कई और बड़े बॉलीवुड स्टार्स मुश्किलों में घिरते नजर आ रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने ४ साल पुराने मामले में रकुल



प्रीत सिंह, राणा दग्गुबाती के अलावा १० कलाकारों को पूछताछ के लिए बुलाया है। जांच एजेंसी ने २०१७ में तेलंगाना में एक हाई–एंड ड्रग्स रैकेट के संबंध में दर्ज एक मामले के आधार पर जांच का जिम्मा संभाला था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह को म्क ने ६ सितंबर को पेश होने को कहा है। ऐसे ही एक्टर राणा दग्गुबाती से ईडी ८ सितंबर को पूछताछ करेगी। इसके अलावा रवि तेजा को ६ सितंबर और मुमैथ खान को १५ नवंबर को एजेंसी के सामने तलब होने के लिए कहा गया है। खबरों के अनुसार, इन सभी कलाकारों को २ से २२ सितंबर तक जांच एजेंसी के सामने तलब होना पड़ेगा। गौरतलब है कि यह चार साल पुराना मामला है। बता दें ड्रग्स केस में अब फिल्म इंड्रस्टी की और भी कलाकार फंसते नजर आ रहे हैं। टीओआई की खबर की माने तो प्रवर्तन निदेशालय ने ड्रग्स की तस्करी के मामले में कई मशहूर कलाकारों को तलब किया है। रकुल प्रीत सिंह और राणा दग्गुबाती अलावा भी कई सेलेब्स रवि तेजा, चार्मी कौर और निर्देशक पुरी जगन्नाथ को भी ईडी के सामने तलब होना पड़ेगा।

# बिग बॉस 15 के प्रोमो में जंगल में खो गए सलमान खान, रेखा के साथ 'ट्री ऑफ फॉर्च्यून

मुम्बई। पहले यह बताया गया था कि दिग्गज अभिनेत्री रेखा बिग बॉस १५ के प्रोमो में अपनी आवाज देंगी। कई रिपोर्टों का दावा है कि सदाबहार अभिनेता शो में "ट्री ऑफ फॉर्च्यून" की आवाज के रूप में उपस्थित हो सकते हैं और चयनित प्रतियोगियों का परिचय करा सकते हैं। अब एक नए प्रोमो में सलमान खान को केंद्र में एक पेड़ के साथ एक काल्पनिक जंगल में कदम रखते हुए दिखाया गया है, क्योंकि रेखा की आवाज में बैकग्राउंड में 'ये क्या जगह है दोस्त' गाना बज रहा है। पेड़ सलमान से रेखा की आवाज में बात करता है। निर्माताओं ने बहुत कम विवरण के साथ प्रोमो दिखाया है। ऐसा करके बिगबस के फैंस की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है। प्रोमो को पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा है कि "बिग बस एक नए सीजन के साथ टीवी पर वापस आ गया है। देखिए मेजबान सलमान खान, जंगल में खो गए, बॉलीवुड की सदाबहार दिवा रेखा के साथ गाते हुए। लोकप्रिय भारतीय



रियलिटी टीवी शो के निर्माता सीजन १५ को सुपरहिट बनाने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं। इस साल उन्होंने टेलीविजन पर जाने से पहले शो को पहले 'बिग बॉस ओटीटी' के नाम से एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया। दूसरा, दर्शकों को वूट पर २४ घंटे शो को लाइव स्ट्रीम करने का मौका दिया गया है। इतना ही नहीं, निर्माताओं ने भारत में सबसे लोकप्रिय फिल्म निर्देशकों में से एक, करण जौहर को 'बिग बॉस ओटीटी' के मेजबान के रूप में चुना। कहने की जरूरत नहीं है कि नया मेजबान उम्मीदों पर खरा उतरा है। इसके बाद बिग बॉस और सलमान खान के फैंस सीजन १५ को देखने के लिए बेहद उत्साहित है। जैसे ही बिगबॉस ओटीटी खत्म होगा वैसे ही सलमान कलर्स पर बिगबॉस को लेकर आ जाएंगे। करीब दो हफ्ते पहले शुरू हुए इस शो को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। जब शो डिजिटल से टेलीविजन पर जाएगा, तो सलमान खान मेजबान के रूप में वापसी करेंगे और एक बार ऐसा होने के बाद, रेखा, सलमान खान के बिग बॉस १५ में करण के प्रतियोगियों को पेश करने की उम्मीद है। हालांकि, शो के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। रेखा दिखाई देंगी या नहीं, इस पर कुछ भी। लेकिन दर्शक उत्साहित हैं और सलमान खान के साथ बिग बस में पुराने स्टार को देखने की उम्मीद कर रहे हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई UPHIN/2010/32566
सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email- adbhutsamachar@yahoo.in adbhut_samachar@rediffmail.com
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक